हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 22 दिसंबर 2025

06 जल-जंगल-ज़मीन की लड़ाई को मिला एक सशक्त ...



07 श्रीमद्भगवद्गीता अनुसार सामूहिक ध्यान कर किया स्वाध्याय





## समाचार संक्षेप

### ध्यान से जीवन में तनाव और डिप्रेशन से मिल सकता है छुटकाराः महात्मा वर्धमाना नंद

**गुना।** रविवार को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक सदगुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से सारे विश्व के आश्रमों पर ध्यान कराया जा रहा है। जिसके तहत मानव धर्म मंदिर विंध्याचल कॉलोनी गुना में भी महात्मा बर्धमाना नंद जी की दिशा निर्देशन में ध्यान कराया गया महात्मा जी ने



ध्यान के महत्व के बारे में समझाते हुए बताया ध्यान से जीवन में सुख शांति आनंद की प्राप्ति होती है। मन की एकाग्र अवस्था का नाम ही आनंद है मन की शांत अवस्था का नाम ही शांति है। हमें आनंद और शांति प्राप्त करना है तो भगवान कृष्ण की तरह हमें भी इन स्वरों में मन को जोड़ना पड़ेगा। क्योंकि मन को स्वरों से जोड़ना योग है इसलिए भगवान कृष्ण योगेश्वर कहलाते हैं इसी से जीवन में तनाव और डिप्रेशन से छुटकारा मिल सकता है ध्यान से ही चित्त की वृर्ती निरोध होती है। भगवान शंकर सदा ध्यान मग्न रहते है हम भी ध्यान की विधि को जाने और अपने जीवन में सुख शांति आनंद की प्राप्ति करें।

### टेकरी ट्रस्ट ने किया नपाध्यक्ष को सम्मानित

**गुना।** श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन कर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविन्द गुप्ता को सम्मानित किया गया।श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में दिनांक 18 नवंबर 2025 को जल



संचय के क्षेत्र में प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर हमारी नगरपालिका अध्यक्ष को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुरमू द्वारा पुरस्कृत किया गया था। इसी तारतम्य में इस बड़ी उपलब्धि हेतु श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट द्वारा भी नपाध्यक्ष को सम्मानित किया गया।साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, पार्षद महेंद्र कुशवाह एवं शिवनारायण कुशवाह, सुनील जैन उपयंत्री, शिवराज सिंह सिकरवार, नरेन्द्र नानोरिया, विवेक श्रीवास्तव, रामकृष्ण को भी राम नाम की पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष पति अरविंद गुप्ता ने इस पुरस्कार को टेकरी सरकार की कृपा माना एवं कहा कि यह पुरस्कार हम टेकरी सरकार के चरणों में समर्पित करते हैं।

### स्कूली छात्रों के साथ नपा टीम ने किया स्वच्छता श्रमदान

**गुना।** रविवार को नगरपालिका परिषद गुना की पूरी टीम, उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों एवं महारानी लक्ष्मीबाई कन्या



विद्यालय की छात्राओं के साथ जज्जी बस स्टैंड से टेलीफोन एक्सचेंज तक स्वच्छता श्रमदान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा नगर पालिका के सभी अधिकारी/कर्मचारियों के आठ दल गठित किए थे। जिन्होंने अलग-अलग स्थान पर तैनात होकर श्रमदान किया। श्रमदान में डिवाइडर एवं डिवाइडर के आसपास की मिट्टी को पूरी तरह से हटाया गया। साथ ही हनुमान चौराहे से बस स्टैण्ड तक के डिवाइडरों की धुलाई भी की गई। इस दौरान लगभग 20 छोटी कचरा गाड़ी तथा दो ट्रॉली कचरा निकाला गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजूषा खत्री ने बताया कि आज के श्रमदान में सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने आगे बढक़र हिस्सा लिया। सभी ने बहुत मेहनत की नगरपालिका द्वारा छात्रों को हैंड ग्लव्स तथा आगे भी उनके सहयोग की अपेक्षा की।

## निचला बाजार रपटा के नाले में मिली युवक की लाश

# पेड़ से टकराई कार, महिला कलाकार और युवक की मौत, 6 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम भुलाए के पास शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा घटित हुआ। एक पारिवारिक कार्यक्रम की खुशियां उस समय गम में तब्दील हो गईं, जब मेहमानों और कलाकारों को लेकर लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस हृदयविदारक दुर्घटना में एक युवक और एक महिला कलाकार की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उधर निचला बाजार रपटा के नाले में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब नाले के पानी में एक युवक का शव तैरता हुआ मिला।



### इस तरह हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, उकावद खुर्द निवासी लाल सिंह लोधा अपने साथियों के साथ ग्राम भुलाए में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात करीब 2 बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद, वे कार्यक्रम में आई दो महिला कलाकारों की सुरक्षित पहुंच के उद्देश्य से अपनी कार में बैठाकर निकले थे। कार में कुल 9 लोग सवार थे। गांव से कुछ ही दूरी पर एक अंधे मोड़ पर तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सीधे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### ये हैं मृतक और घायल

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने लाल सिंह लोधा (35) और महिला कलाकार माया बाई (40) निवासी बिरियाई को मृत घोषित कर दिया।इस दुर्घटना में 6 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें शामिल हैं:अरविंद लोधा (20 वर्ष)नरेंद्र लोधा (26 वर्ष)मोहन सहरिया (42 वर्ष)रूप सिंह लोधा (36 वर्ष)फूल सिंह लोधा (35 वर्ष)चंचल बाई (16 वर्ष)

### नाले में मिले शव की पहचान नहीं हो सकी



शहर के व्यस्ततम निचला बाजार रपटा क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब नाले के पानी में एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला। घनी आबादी वाले क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में मिली इस लाश के कारण आसपास के लोगों में डर और जिज्ञासा का माहौल है।मृतक की उम्र लगभग 25 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। युवक के पास से कोई दस्तावेज न मिलने के कारण पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि वह नाले तक कैसे पहुँचा। पुलिस इसे संदिग्ध मानकर चल रही है और मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

## टेकरी मंदिर पर सूर्य आराधना की तैयारियों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता,वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता के साथ नगर पालिका की टीम एवं टेकरी मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों द्वारा नव वर्ष पर टेकरी सरकार मंदिर पर होने वाले भगवान सूर्य उपासना की तैयारी का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष ,नव वर्ष के आगमन पर श्री हनुमान टेकरी मंदिर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु टेकरी सरकार के दर्शन करने पहुंचते हैं तथा सूर्य उपासना कर सूर्य भगवान को अर्घ्य देते हैं। टेकरी पर नववर्ष के पहले दिन मेले का आयोजन होता है ,वही लाखों लोग नए वर्ष पर अपने जीवन में श्री हनुमान टेकरी सरकार से



आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने से नगर पालिका द्वारा यहां सफाई व्यवस्था,यातायात व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत व्यवस्था आदि की पर्याप्त इंतजाम किए जाते हैं, जिसका निरीक्षण आज उन्होंने किया है। साथ ही मेला ग्राउंड में मुरम बिछाने, विद्युत लाइट व्यवस्था एवं पेयजल के दुरुस्तीकरण के निर्देश भी नगर पालिका स्टाफ को दिए। साथ ही श्रद्धालुओं से पॉलीथीन का उपयोग न करने,मन्दिर परिसर में गन्दगी न करने तथा दीपक- अगरबत्ती का उपयोग सावधानी पूर्वक करने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान महेन्द्र कुशवाह, शिवनारायण कुशवाह, टेकरी समिति से श्री गुलशन जुनेजा, ओ पी बरौनिया, चिरौंजीलाल प्रजापति, राजेश अग्रवाल, आलोक नायक, महावीर सिंह चौहान ,जगदीश अग्रवाल आदि के साथ नगर पालिका स्टाफ से उपयंत्री श्री सुनील कुमार जैन, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार, विद्युत शाखा प्रभारी नरेंद्र नोनेरिया, स्वास्थ्य शाखा से विवेक श्रीवास्तव, शकील खान, बृजमोहन खरे, अमित आर्य आदि उपस्थित रहे।

## मुख्य मार्ग पर पैचवर्क का कार्य प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विगत दिनों नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा दिए गए आश्वासन के पश्चात एबी रोड नानाखेड़ी मण्डी गेट से जज्जी बस स्टैण्ड तक का पैच वर्क का कार्य प्रारंभ हो गया है। उक्त कार्य का नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार ब्रजेश रघुवंशी को गुणवक्ता का ध्यान रख कर काम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नपा उपयंत्री ,वार्ड क्र 03 से महेंद्र कुशवाह , शिवनारायण कुशवाह शिब्बू एवं ठेकेदार आदि मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि लगभग 26 लाख रुपए से होने वाले पेच वर्क कार्य को पूरे तकनीकी रूप से एवं जिस तरह ए बी रोड पर पेज वर्क का कार्य होता है, उसी प्रकार रोड कटिंग करवा कर तथा रोड रोलर चलवा कर कराया जा रहा है, जिससे नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। निर्माण एजेंसी द्वारा भी पूर्ण निष्ठा से कार्य करने एवं पूर्ण सहयोग करने का अश्वासन दिया है एवं एक हफ्ते के अंदर पेंच वर्क का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिससे शहर वासियों एवं बाहर से आने जाने वाले नागरिको को आवागमन में कोई असुविधा नहीं होगी

## विराट हिंदू सम्मेलन निर्विघ्न संपन्न होने के लिए हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विराट हिंदू सम्मेलन निर्विघ्न संपन्न होने हेतु 21 दिसंबर दोपहर 3:00 बजे भूमि पूजन किया गया है। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ,समाजसेवियों और स्थानीय रहवासियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि श्री राम पुण्य भूमी भारत के रक्षको उठो समय आ गया है अपनी एकता की शक्ति दिखाने का गुना नगर



की पावन धरा पर आपकी अपनी विवेकानंद बस्ती आयोजित करने जा रही है विराट हिंदू सम्मेलन राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ हम जुटेंगे एक सूत्र में पिरोने के लिए जहां चर्चा होगी। हमारे गौरव की, हमारे संस्कार की, हमारे अखंड भारत के संकल्प की 4 जनवरी 2026 रविवार को समय दोपहर 2:00 से विवेकानंद बस्ती हीरा बाग कॉलोनी,सीताराम कॉलोनी,सद्भावना नगर,शिव कॉलोनी, गोविंद गार्डन, पंचमुखी कॉलोनी,लूशन का बगीचा,हरिया नाई का बगीचा, ऑफीसर्स कॉलोनी, ख्याबदा कॉलोनी के सभी हिंदू परिवार सादर आमंत्रित हैं। सम्मेलन के पूर्व एक बाइक रैली भी नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी जो जन जागरण का कार्य करेगी। बस्ती क्षेत्र में घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं ने पीले चावल देकर नागरिकों को सम्मेलन में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया है।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के कार्यक्रम में कलेक्टर ने की सहभागिता

# सहकारिता क्षेत्र में युवाओं की भूमिका और मल्टी-फैसिलिटी विस्तार पर दिया गया जोर







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिज्जी की पंचायत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर ने सहकारिता सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली। इसके पश्चात कलेक्टर श्री कन्याल ने विभिन्न विभागों एवं सहकारी समिति द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उद्यानिकी विभाग गुना द्वारा गुलाब, अमरूद, बेर सहित विविध कृषि एवं उद्यानिकी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। तथा अन्य समितियों ने बीज,दुग्ध उत्पादों सांची उत्पाद बुनकर समिति चंदेरी द्वारा साड़ी व अन्य हस्त शिल्प वस्त्रों उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। कृषि विभाग द्वारा इसके साथ ही हथकरघा एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा जूट से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। आवश्यकता है कि संस्थानों को मल्टी-फैसिलिटी सुविधाओं से सशक्त किया जाए तथा समयानुसार अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता संस्थाओं में कार्यरत युवा ब्रांच मैनेजरों को अपनी ऊर्जा एवं नवाचार के साथ शासन की मंशा को समझते हुए कार्य करना चाहिए। सहकारिता क्षेत्र में बचत पर एक प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज आमजन के लिए लाभकारी है, जिसका व्यापक प्रचार किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं सहकारी बैंकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, बीपी सिंह संयुक्त आयुक्त सहकारिता एमपी भोपाल, उप आयुक्त सहकारिता गुना मुकेश कुमार जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि





## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड , **भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## मंदिर परिसर में कार्ड संस्था द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**चाचौड़ा ।** मंदिर परिसर में 20 दिसंबर 2025 को सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (कार्ड) संस्था द्वारा एक्सिस बैंक फाउंडेशन के सहयोग से फसल पोषण एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्ड संस्था के माध्यम से प्रमाणित/प्रजनक बीज प्राप्त करने वाले कुल 207 किसानों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की।कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कृषि विभाग से पधारे एसडीओ कृषि ने किसानों को विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं, अनुदान प्रावधानों एवं उपलब्ध



तकनीकी सहायता की विस्तृत जानकारी प्रदान की।उद्यान विभाग चाचौडा से अनंत सिंह ने उद्यानिकी फसलों, पौधारोपण तकनीक, अनुदान योजनाओं तथा विभागीय सुविधाओं के बारे में सरल एवं प्रभावी तरीके से जानकारी दी।एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि ने किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के संरक्षण हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रक्रिया, लाभ और आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया।पशुपालन विशेषज्ञ हरि सिंह ने पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, पशु पोषण एवं आय वृद्धि के उपायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।कार्ड संस्था के कृषि विशेषज्ञ मुकेश कुमार ने डेमो प्लॉट्स के माध्यम से प्राप्त अनुभव साझा किए तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने से होने वाले प्रत्यक्ष लाभों पर प्रकाश डाला।कार्ड संस्था के ही कृषि विशेषज्ञ राजेंद्र पयासी ने ABF परियोजना अंतर्गत संचालित गतिविधियों—जैव संसाधन केंद्र, जैविक खेती की विधियाँ, तथा वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, सोया टॉनिक आदि जैविक इनपुट के निर्माण, उपयोग एवं लाभों की वैज्ञानिक जानकारी प्रस्तुत की।सभी तकनीकी सत्रों के बाद आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में महेश सेंगर तथा फील्ड कॉर्डिनेटर भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में परियोजना प्रबंधक ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं किसानों का आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अस्पताल की लचर व्यवस्था को लेकर पूर्व सांसद का शांतिपूर्ण धरना, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**राघौगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा कॉलोनी और राघौगढ़ में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा में सुधार एवं गत दिवस रेखा प्रजापति की मौत के जिम्मेदारो पर कार्रवाई के संबंध में पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह द्वारा सांडा कॉलोनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर



शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन किया है। जिसमें समय पर इलाज न मिलने के कारण मृतक रेखा प्रजापति का पूरा परिवार सहित प्रजापति समाज भी अधिक संख्या में शामिल हुए। दरअसल, गत दिवस राघौगढ़ निवासी रेखा प्रजापति को अचानक तबियत खराब हुई जिसे राघौगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां से नर्स द्वारा उन्हें सांडा कॉलोनी स्थित सरकारी अस्पताल बोलकर भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार उन्हें समय पर प्राथमिक उपचार, एम्बुलेंस सहित अन्य सुविधा नहीं मिली। जिससे मृतक का इलाज कर उसकी जान बचाई जा सकें। सुविधा के अभाव में एक महिला की मौत हो गई।

### राघौगढ़ में क्रांतिकारी फिल्म "जंगल सत्याग्रह" का विशेष प्रदर्शन

# जल-जंगल-ज़मीन की लड़ाई को मिला एक सशक्त स्वर





हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

बैतूल जिले के आदिवासियों के संघर्ष, बलिदान और जल–जंगल–ज़मीन की ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित क्रांतिकारी फिल्म "जंगल सत्याग्रह" का विशेष प्रदर्शन आज राघौगढ़ में आयोजित किया गया। यह आयोजन जल–जंगल–ज़मीन के अधिकारों की लड़ाई को स्वर देने वाला साबित हुआ।कार्यक्रम का आयोजन राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ' के द्वारा किया गया। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक एवं कलाकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान जयवर्धन सिंह ने आदिवासी समाज के संघर्ष और इस वैचारिक प्रयास को प्रोत्साहित करते हुए 1 लाख 11 हजार रुपये की राशि भेंट की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आदिवासी अधिकारों की लड़ाई को मजबूती प्रदान करते हैं।फिल्म प्रदर्शन में बड़ी संख्या में नागरिक, युवा वर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने फिल्म के माध्यम से आदिवासी समाज के अधिकार, सम्मान और संघर्ष की गाथा को गहराई से महसूस किया।कार्यक्रम के अंत में आयोजन से जुड़े सभी अतिथियों, कलाकारों, सहयोगियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन आदिवासी अधिकारों के प्रति जनचेतना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सुदामा का चरित्र सुन हुए श्रद्धालु गण भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

नगर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस की कथा में पंडित श्री रामसेवक शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की गृहस्थ लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर भगवान के परम मित्र सुदामा जी का चरित्र सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। कथावाचक पंडित श्री शास्त्री जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी गुरुकुल में एक साथ विद्याध्ययन करते थे।



समय के साथ भगवान श्रीकृष्ण द्वारकाधीश बने, वहीं सुदामा जी निर्धन अवस्था में जीवन यापन करते रहे। सुदामा जी की पत्नी सुशीला ने उन्हें अपने बालसखा श्रीकृष्ण से मिलने जाने की प्रेरणा दी।इसके पश्चात सुदामा जी द्वारकापुरी के लिए प्रस्थान करते हैं, मार्ग में भटकते हुए काशीपुरी पहुँच जाते हैं, किंतु अंततः किसी प्रकार द्वारका पहुँचते हैं। द्वारपालों से वे कहते हैं- "कन्हैया से कह देना, द्वार पर तुम्हारा गरीब मित्र आया है।" भगवान श्रीकृष्ण अपने मित्र को ससम्मान सिंहासन पर बैठाकर भोजन कराते हैं।श्रीकृष्ण जब सुदामा जी से उनकी पत्नी द्वारा भेजे उपहार के विषय में पूछते हैं, तो सुदामा जी लज्जावश टूटे चावल देने से संकोच करते हैं। किंतु भगवान श्रीकृष्ण सभी के समक्ष पोटली खोलते हैं। टूटे चावल देखकर भगवान की आँखों से आँसू छलक पड़ते हैं और वे कहते हैं- "धिक्कार है मुझ त्रिलोकीनाथ पर, मेरा मित्र इतना गरीब है कि उसके पास साबुत चावल भी नहीं।"भगवान श्रीकृष्ण दो मुट्ठी चावल ग्रहण कर सुदामा जी को दोनों लोकों का वैभव प्रदान कर देते हैं। तीसरी मुट्ठी ग्रहण करने से माता रुक्मिणी जी द्वारा रोकने पर श्रीकृष्ण अप्रसन्न हो जाते हैं।कथा के अंत में परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाया गया, जिसके साथ ही कथा का भावपूर्ण समापन हुआ। अंत में भक्त श्रोताओं ने भागवत एवं व्यास जी की पूजा-अर्चना की तथा फूलों की होली खेलकर भक्ति भाव से वातावरण को सराबोर कर दिया।

## घर-घर में औषधीय पौधा लगाकर हम स्वस्थ बनेः डॉ ओपी सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आरोग्य भारती जिला गुना के आगामी कार्यक्रमों को लेकर शनिवार को सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय गुना में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि आरोग्य भारती मध्य भारत प्रांत सचिव एवं पूर्ण कालिक कार्यकर्ता डॉ ओ पी सोनी के मुख्य आतिथ्य में मां अन्नपूर्णा एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ की गई। इस अवसर पर आरोग्य भारती जिला अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम बुनकर, संरक्षक डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी, सचिव डॉ सचिन सोनी, आरोग्य भारती जिला पर्यावरण प्रभारी विकास जैन नखराली, डॉ हृदेश गुप्ता, नीरज रघुवंशी, प्रभात श्रीवास्तव, रविकांत शर्मा डॉ जगमोहन ओझा, डॉ राहुल श्रीवास्तव, डॉ जागृति श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव सहित आरोग्य भारती के जिला पदाधिकारी एवं सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आरोग्य भारती के प्रांत सचिव डॉ सोनी ने मार्गदर्शन करते हुए संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला और उन्होंने संगठन विस्तार की बात कही। डॉ सोनी ने कहा कि कोरोना काल में आयुर्वेदिक औषधियों मसलन सदाबहार तुलसी गिलोय इत्यादि ने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में रामबाण के रूप में परिलक्षित हुई हैं। बैठक में बड़ी संख्या में आरोग्य भारती पदाधिकारी एवं सेवा भारती के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




# अटल जी की जन्म शताब्दी एवं वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

प्रदेश की डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सेवा और विकास के दो वर्ष प्रदेश के हर नागरिक के विकास और प्रगति का नया आयाम है और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से प्रदेश के हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं ।ये बात सम्मेलन के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने बमौरी में आयोजित विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही । अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर कई कार्यक्रम होंगे- संतोष धाकड़ बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला जिला महामंत्री संतोष धाकड़ ने कहा कि 25 दिसंबर को भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती को पूरे देश में "सुशासन दिवस" के रूप में मनाया जाता है। अटलजी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा द्वारा विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत पखवाड़ा सप्ताह मनाया जाएगा।उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में गुना जिले के प्रत्येक मंडलों में महापुरूषों की प्रतिमा की साफ सफाई कर दीप प्रज्वलन किया जाएगा।वीर बाल दिवस शहीदों को समर्पित-ओ एन शर्माभाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओ एन शर्मा ने वीर बाल दिवस के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और वीरता की भावना जाग्रत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।।जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में लोकसभा के शीतकालीन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चुनाव सुधार पर दिए गए ओजस्वी भाषण का प्रसारण भी कार्यकर्ताओं ने देखा।कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन खुजनेरी,सांसद प्रतिनिधि सुमेर सिंह गढ़ा,कल सिंह पटेलिया,जिला उपाध्यक्ष गिरिराज भार्गव,जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव,जिला मंत्री वीर बहादुर यादव,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री गायत्री भील,जिला पंचायत सदस्य दामोदर भार्गव,मंडल अध्यक्ष राजू धाकड़,बलराम यादव,अर्जुन परमार,दीपक मीना,शुभम रघुवंशी,मोहन बारेला आदि मंचासीन थे ।




# मथनेर से अशोकनगर मंडी जाने वाला रास्ता खराब, 50 गांव के लोग परेशान

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत मथनेर एवं ग्राम पंचायत ककरूआ राय से लेकर ग्राम टोकली तक का करीबन 8 से 10 किलोमीटर का रास्ता खराब होने के कारण 50 गांव के किसानों को अपनी फसल को लेकर मंडी तक पहुंचने में काफी मुसीबतो का सामना करना पड़ता है।

रास्ते में जगह-जगह खड्डे एवं पानी भरा रहने से आय दिन दुर्घटना होती रहती है। ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए यही एक सुगम रास्ता है। जिससे वह अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए अशोकनगर आते जाते हैं। और रास्ता खराब होने के कारण दो पहिया वाहन कहीं फिसलते हैं तो कहीं गिर भी जाते हैं। तीन माह पहले अशोकनगर विधायक इंजीनियर हरीबाबू राय ने भी रास्ते का निरीक्षण कर अधिकारियों से बात कर ग्रामीण क्षेत्र को सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। रास्ता जैसा था वैसा ही है। वही ग्राम वासियों ने



अब कलेक्टर आदित्य सिंह जी पर विश्वास जताते हुए बताया है कि कलेक्टर साहब हर तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्र में निरीक्षण करने जाते हैं। तो एक बार इस रास्ते का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से बात कर सड़क निर्माण के लिए आदेश सुनिश्चित करें जिससे ग्राम वासियों को हो रही समस्या को लेकर निजात मिल सके।

# मुक्तिधाम की जमीन को लेकर भाजपा पार्षद के साथ हुई मारपीट

**शाढ़ौरा।** पिछले दिनों नगर परिषद शाढ़ौरा के वार्ड क्रमांक 9 पिपरोल, शाढ़ौरा के पार्षद हरिओम कुशवाह के साथ शमशान घाट की जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिओम कुशवाह पार्षद ने बताया कि मेरे वार्ड क्रमांक 9 पिपरोल मैं मरघट साला निर्माण के लिए नगर परिषद शाढ़ौरा से भूमि चिन्हित करने के लिए आवेदन किया था। जिसमें पटवारी द्वारा मुझे मरघट साला निर्माण के लिए सर्वे क्रमांक 188/4- 0.105 का रकबा पटवारी द्वारा चिन्हित किया गया था। जिसमें कुछ समय पहले एक्सीडेंट में गोदा कुशवाह की पत्नी वैजयन्ती बाई की मृत्यु हुई थी। जिसका दाह संस्कार मुक्तिधाम की चिन्हित जमीन पिपरोल में परिवार वालों ने किया था। जिसमें हरिओम पार्षद ने बताया कि मैंने नहीं जलवाई उनके परिवार वालों ने मरघट साला वाली जमीन में जलाई है। इस पर संजीव गाली देने लगा और जब मैंने मना किया तो उसने अपने परिवार जन छुट्टी लाल रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, मोनू रघुवंशी को बुला लिया और चारों ने मेरी लात घूसों से मुझे मरने लगे जिसमें मेरी गर्दन वा पीठ पर मुंदी चोट आई है। इस मामले को लेकर पार्षद हरिओम कुशवाह थाना पहुंचे जहां थाना प्रभारी सुनील सिकरवार के समक्ष चार लोग संजीव रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, छुट्टी लाल रघुवंशी, मोनू रघुवंशी पर केस दर्ज किया है।

# राज्य शिक्षक संघ ने स्थानीय समस्याओं के निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा




**अशोकनगर।** राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के निराकरण कराये जाने की मांग की है। यह ज्ञापन नायब तहसीलदार शंभू सिंह मीणा को दिया गया। ज्ञापन देने वालों में राज अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिव हरे कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह यादव संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज भटनागर दिनेश गुप्ता विनोद कुमार शर्मा रामबाबू रघुवंशी राजाराम सेन ईसागढ़ से जगदीश यादव मुंगावली आदि शामिल रहे।

### मांगों के बिन्दु

1 हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वरिष्ठता के आधार पर नियुक्त किये जावें ।

2 प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश जारी हो गये है। क्रमोन्नत वेतनमान जोड़कर वेतन का भुगतान हो।

3 सेवा पुस्तिकाओं को अनुमोदन हेतु वित्त एवं कोष लेखा ग्वालियर को भेजा जावे ।

5 सभी शिक्षकों को ई- सेवा पुस्तिका की पेडीएफ फाइल दी जावे

6 शिक्षा विभाग में एक ही स्थान पर एक ही कार्यालय पर 3 वर्ष से कार्यरत लिपिकों को एक ही शाखा पर कार्यरत लिपिकों का नवीन कार्य विभाजन विकासखण्ड/शिक्षा अधिकारी कार्यालय/संकुल वेतन केन्द्र/जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जावे।

7 सन 2001 में अशोकनगर ब्लॉक में नियुक्त अध्यापकों को 24 वर्षीय क्रमोन्नति हेतु फाइल जमा करने के आदेश जारी किये जावे ।

8 नवीन जनशिक्षक जो प्रतिनियुक्ति पर लिये गये हैं उनके पद विद्यालय में रिक्त हुए हैं उन पदों पर पुराने जनशिक्षकों की काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना की जावे ।

9 परामर्श दात्री की पिछली 5 बैठकों के बिन्दुओं पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। परामर्श दात्री की पिछली बैठकों के प्राथमिक/माध्यमिक शिक्षकों की परवीक्षा अवधि समाप्त हो गई है शिक्षकों के 100 प्रतिशत वेतन भुगतान के आदेश पारित हो।

10 जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में क्रमोन्नति हेतु जमा फाइलों को तत्काल ग्वालियर भेजें।

# संस्कृति विद्यालय में सत्संग समागम के बीच प्रवचन हुए




**अशोकनगर।** संस्कृति विद्यालय में परमपूज्यनीय माता गुज़र कौर एवं छोटे साहिबज़ादों की पावन शहीदी को समर्पित सत्संग समागम में सचखंडवासी संत बाबा गुरदीप सिंघजी द्वारा वरोसाये हुए संत बाबा सतनाम सिंघजी ने अपने पावन वचनों से संगत को निहाल किया स श्री गुरु गोबिंद सिंघजी का पावन जीवन इस मानवता के लिए एक मिसाल है।

आपजी ने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा अपना सर्वंश वार कर की स आप जी के बड़े साहिबज़ादे बाबा अजीत सिंघजी एवं बाबा जुझार सिंघजी चमकौर साहिब की जंग में 90 लाख फ़ौज का सामना करते हुए लाखों को मारकर शहीदी प्राप्त की स जबकि आपजी के छोटे साहिबज़ादे बाबा जोरावर सिंघजी उम्र 8 साल एवं बाबा फतह सिंघजी उम्र 7 साल अपनी दादी माँ माता गुजर कौर जी के साथ सिरसा नदी को पार करते वक्त धुंध अत्यधिक होने के कारण बाक़ी परिवार से बिछुड़ गए। सुबह जब झूठ की कचहरी लगी तो सूबे ने दरवाजा छोटा लगवाया कि जब झुक कर आयेंगे तो हम लोग कहेंगे की देखो कैसे झुक कर सलामे कर रहे हैं स लेकिन इन दोनों ने पहले अपने चरण अंदर रखे कि तुम जैसों को हम जूते की नोक पर रखते हैं स कई तरह के प्रलोभन और यातनाएँ भी उनको उनके धर्म से डिगा नहीं सकीं स अंत में उन्हें ज़िंदा ही नीवों में चिन वाने का इस्लाम विरुद्ध क्रूर फ़तवा सुनाया गया। जो उन्होंने हँसते हँसते स्वीकार किया। जब दादी माता को यह ख़बर पता चली तो उन्होंने भी ध्यान मुद्रा में होकर अपना शरीर त्याग दिया। इससे पहले सुबह 8 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का स्वरूप गुरुद्वारा साहिब से संस्कृति स्कूल तक पुष्प वर्षा करते हुए विद्यालय के बैंड के साथ लाया गया।

# शिक्षक संघ की जिला बैठक संपन्न हुई

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की जिला बैठक स्थानीय पी एम श्री विद्यालय क्रमांक 04 में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने की। मुख्य वक्ता अन्नपूर्णा सिसोदिया संभागीय उपाध्यक्ष रहीं। उन्होंने बताया कि आज के समय में सभी अधिकारों की बात करते है लेकिन कर्तव्यों का पालन कोई नहीं करना चाहता है। शिक्षकों, विद्यार्थियों और समाज में कर्तव्य बोध की भावना जागृत करने के लिए शिक्षक संघ 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मध्य कर्तव्य बोध के कार्यक्रम करता है। जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम ने इतिहास रच दिया।इससे आगे अब हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में करने की योजना है। शिक्षक,विद्यार्थी मिलकर विद्यालय को तीर्थ के रूप में विकसित करें।जब विद्यालय तीर्थ बनेगा तो स्वतः ही हमारा राष्ट्र समृद्ध होगा।

## ध्यान से जीवन में तनाव और डिप्रेशन से मिल सकता है छुटकाराः महात्मा वर्धमाना नंद



**अशोकनगर।** आज विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक सदगुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से सारे विश्व के आश्रमों पर ध्यान कराया जा रहा है जिसके तहत मानव धर्म मंदिर विंध्याचल कॉलोनी गुना में भी महात्मा बर्धमाना नंद की दिशा निर्देशन में ध्यान कराया गया। महात्मा जी ने ध्यान के महत्व के बारे में समझाते हुए बताया ध्यान से जीवन में सुख शांति आनंद की प्राप्ति होती है मन की एकाग्र अवस्था का नाम ही आनंद है मन की शांत अवस्था का नाम ही शांति है हमें आनंद और शांति प्राप्त करना है। तो भगवान कृष्ण की तरह हमें भी इन स्वरों में मन को जोड़ना पड़ेगा। मन को स्वरों से जोड़ना योग है इसलिए भगवान कृष्ण योगेश्वर कहलाते हैं इससे तनाव और डिप्रेशन से छुटकारा मिल सकता है ध्यान से ही चित्त की वृर्ती निरोध होती है भगवान शंकर सदा ध्यान मग्न रहते है हम भी ध्यान को जाने और जीवन में सुख शांति आनंद की प्राप्ति करें।

# किसी भी तरह के कार्य के संचालन के लिए संचालक को सही होना चाहिएः आचार्य निर्भय सागर महाराज

**मुंगावली।** प.पू. वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भयसागर जी महाराज ने सिद्धचक्रमहाण्डल विधान के द्वितीय दिवस जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक शांतिधारा के उपरांत कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के कार्य को बताते हुए कहा कि किसी कार्य का संचालन करने के लिए संचालक सही होना चाहिए।

जहां पद प्रतिष्ठा का नशा चढ़ जाता है वहां घर , समाज और देश का नाश हो जाता है। एक पदाधिकारी बनने के लिए पहले कार्यकर्ता बनना होगा। एक अच्छे पदाधिकारी के गुण बताते हुए कहा एक कार्यकर्ता मेलमिलाव करने वाला होना चाहिए। तीन प्रकार के कार्यकर्ताओं में से जो बनी बनाई व्यवस्था में आकर बैठ जाते वह रेत के समान है। एक कार्यकर्ता सकारात्मक सोच वाला हो , अपने आपको सेवक समझे स्वामी नहीं। वह लगनशील और श्रम करने वाला हो, समर्पण भाव वाला हो। श्रद्धा दीपक की कांपती हुई लौं के समान नहीं होना चाहिए जिसे अपने किए कर्मों पर भगवान के द्वारा बतलाए धर्म पर गुरु के द्वारा चलाए गए मार्ग पर और जिनवाणी में लिखे वाक्यों पर सच्चा श्रद्धा होती है। वह सदा धर्म मार्ग पर चलता है पाप से डरता है और घर में बैरागी बनकर चक्रवर्ती की तरह रहता है। उसके लिए चक्रवर्ती की संपदा और स्वर्ग के इंद्र जैसे भोग मिलने पर भी वह विचलित नहीं होता है। इससे पूर्व पाठशाला बच्चों द्वारा मुनिश्री वृषभदत्तसागर की प्रेरणा से ब्र. लवली दीदी के द्वारा सामूहिक पूजन एवं द्रव्य थाली सजाओ प्रतियोगिता रखी गई जिसमें तीन पाठशाला के बालक बालिकाओं ने भाग लिया। आचार्यश्री के सानिध्य में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बालक बालिकाओं को सानिध्य जैन, सम्यक जैन, युवांगी जैन ओजस्वी जैन, दर्श जैन अविका, काव्या , पार्थ, यशा को पुरस्कार वितरण किया गया।





**खबर संक्षेप**

## तार झूले पड़े, खम्मा टेढ़े किसान हो रहे परेशान

**शाढ़ौरा।** शाढ़ौरा विद्युत मंडल क्षेत्र के ग्राम मथनेर फीडर पर बिजली की समस्या को लेकर किसानो को भारी समस्या का सामना उठाना पड़ रहा है। एक और बिना मौसम बरसात से किसानों की फसल खराब हो चुकी है वहीं दूसरी ओर बिजली समय पर ना मिलने से रबी की फसल की बुबाई भी टाइम पर नहीं हो पा रही है जिससे किसानों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मथनेर फीडर पर 12 गांव आते हैं जिनकी लाइनों के तार कहीं झूले मिलते हैं तो कहीं खम्मा टेढ़े मिलते हैं जिससे फॉल्टिंग की समस्या एवं खतरे का डर बना रहता है फीडर पर मौजूद कर्मचारी को जब गांव वाले इस समस्या की जानकारी देते हैं तो उनके यहां से एक ही जवाब आता है कि आपकी लाइट खराब हुई है आप स्वयं ठीक कर लें विद्युत मंडल द्वारा फीटर पर लाइन की रिपेयरिंग के लिए नए खंभे और तार तो आते है। तार जगह-जगह झूल रहे हैं जर्जर हो रहे हैं बार-बार फॉल्टिंग होती है इसकी और किसी का ध्यान नहीं है। किसानों को 10 घंटे लाइट दी जाए लेकिन यहां 8 घंटे लाइट आती है उसी में बीच-बीच में फाइटिंग होने के कारण घंटो तक बिजली गुल रहती है।

### जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्यवाई जारी

# चार करोड़ की सरकारी भूमि को अतिक्रमण से कराया गया मुक्त







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला प्रशासन अशोकनगर द्वारा निरंतर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में रविवार को तहसील अशोकनगर के ग्राम बरखेड़ी स्थित शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि का चालू बाजार मूल्य लगभग 4 करोड रूपये है।


ज्ञात हो कि विगत 20 दिसम्बर को ऐसे ही मामले में आजाद खान के अवैध भवन को गिराकर उक्त जगह को प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराया था। वहीं आज इस कार्यवाही के दौरान न्यायालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 0066/31 68/2025 26 आदेश 19 दिसंबर 2025 से ग्राम बरखेडी के सर्वे क्रमांक 233/1 रकबा 0.012 हे0 शासकीय भूमि पर सुखवीरसिह पुत्र हरिसिंह वर्षों से कब्जा किए हुए थे प्रशासन ने अतिक्रामक सुखवीरसिह पुत्र हरिसिंह एवं प्रकरण क्रमांक 0067/3-68/2025-26 आदेश 19 दिसंबर 2025 से ग्राम बरखेडी के सर्वे क्रमांक 226 में से रकबा 0.015 भाग पर शासकीय भूमि से अतिक्रामक मेहरवानसिह पुत्र सुल्तानसिह का अवैध निर्माण मौके पर से हटाया गया। अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोगों को इस कार्यवाही ने सचेत कर दिया है।

### नगर में कई जगहों पर ऐसे अतिक्रमण दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं

यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि जिले में दिनों दिन कॉलोनी से लेकर मुख्य सड़को तक अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है कॉलोनाइजर एवं दंबग लोग शासन की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं। किनारे जो भूमि क्रय विक्रय की जाती है उस क्रय विक्रय में इस बात का ध्यान नहीं रखा जाता है कि मुख्य सड़क के केन्द्र बिन्दु से कितनी भूमि छोड़कर भूमि का कय्र विक्रय एवं मकान बनाना है। न ही इस ओर ग्राम पंचायते, नगरीय क्षेत्र और राजस्व विभाग संबधित सड़क की एजेंसी इस ओर ध्यान देती है। परिणास्वरूप सड़क से लगते ही भवनों का निर्माण आए दिन हो रहा है। जब सड़कों का विस्तार होता है तब वह उक्त अतिक्रमण सामने आता है और इसका खामयाजा सड़क किनारे भवन निर्माण करने के लिए ली गई। भूमि अतिक्रमण के चपेट में आती है और संबंधित भवन निर्माता को लाखों रूपए का नुकसान उठाना पड़ता है।

### ठंड में रखें सेहत का ख्याल

## योग आसन लगाते समय व्यापारी की साइलेंट अटैक से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

योग करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है जिसको लेकर जिला मुख्यालय पर स्थित तुलसी सरोवर पार्क में पर्याप्त संसाधन होने के चलते शहर से काफी संख्या में युवा और बुजुर्ग एवं महिलाएं योगाशान, योग और ध्यान लगाने के लिए पार्क में जाते हैं। सराफा व्यापारी त्रनरेन्द्र सोनी भी योग करने गए थे लेकिन अचानक उन्हे योग करत समय सायलेंट अटैक आ गया जिससे वह नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई। इससे पूर्व भी योग करने के बाद डॉक्टर पवन सिंघल की भी सायलेंट अटैक से मौत हो चुकी है। रविवार को वर्षों से योग कर रहे सराफा व्यापारी नरेन्द्र सोनी उम्र 55 वर्ष जब सूर्य नमस्कार की योग आसन लगा रहे थे तभी अचानक वह गिर गए। तुरन्त ही आस पास मौजूद लोगों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया परन्तु कोई हरकत नहीं हुई। जैसे ही इस आशय की खबर पार्क के बाहर गश्त लगा रही पुलिस को सूचना मिली तभी प्रधान आरक्षक राजकुमार कुशवाह पार्क में पहुंचे और सराफा व्यापारी को तुरंत उपचार के लिए अपने गश्ती वाहन में रखकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इन दिनों शर्दियों का मौसम चल रहा है। योग करने वाले युवाओं को और सभी के लिए अपने शरीर का ध्यान रखना चाहिए। ठण्डे पानी से स्नान न करें। ठण्ड से बचने के लिए पर्याप्त कपड़े पहने।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न धार क्षेत्र मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए जिले के साडोरा थाने के अंतर्गत ग्राम कुंडौरा निवासी शिवनारायण रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि केसरी सिंह रजत और मनीष रघुवंशी ने उसे मारपीट की इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से केसरी सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चक्रेश महेंद्र विवेक रघुवंशी उसे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम सक वारा निवासी राजकुमारी प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संदीप, घनश्याम ,चप्पा और मोतीराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### निर्माण कंपनी ने एक भी दोबारा नहीं लगाए

## हाईवे चौड़ीकरण में एक वर्ष पहले बंद हुए आधा दर्जन हैंडपंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र के बंगला चैराहा से मुंगावली के बीच नेशनल हाईवे के चैड़ीकरण कार्य में 6 हैंडपंप बंद हो गए हैं। हाईवे के इस 23 किलोमीटर के हिस्से में सड़क के किनारे करीब एक दर्जन हैण्डपंप थे, जिनमें से 6 को पूरी तरह बंद कर दिया गया है क्योंकि सड़क चैड़ीकरण के कारण यह हैंडपंप या तो शोल्डर के बीचोंबीच आ रहे थे या फिर नाली निर्माण में बाधा बन रहे थे। इनमें से गीलारोपा के 2 और सुमेर, झागर बमुरिया, खुशीपुरा और गदूली के एक-एक हैण्डपंप हैं।

खास बात है कि यह सभी हैण्डपंप सैकड़ों ग्रामीणों और राहगीरों के दैनिक उपयोग में आते हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का दावा है कि विभाग द्वारा कंपनी के सामने हैण्डपंप बंद करने के एवज में नजदीक ही दूसरा हैण्डपंप लगाने की शर्त रखी गई थी जिसमें करीब 10.32 लाख रुपए खर्च होगा। यह राशि या तो कंपनी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पास जमा कराएगी या स्वंय बोर खनन करवाकर हैण्डपंप लगाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री रोहित त्यागी बताते हैं कि कंपनी ने एक भी जगह हैडपंप नहीं लगवाए, और न ही अब तक कोई राशि जमा करवाई। एक गांव खुशीपुरा में पानी की बहुत किल्लत थी, इसलिए विभाग द्वारा स्वयं के व्यय पर एक हैंडपंप लगवाया है। जिसका भुगतान कंपनी को ही करना है लेकिन कंपनी के कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे।

### 12 वर्ष पहले बंद हुए थे 57 हैण्डपंप

वर्ष 2012-13 में पिछोर से मेहलुआ चैराहा तक हाइवे का चैड़ीकरण कार्य शुरू हुआ तो इसके निर्माण में ही जिले के चंदेरी से घाट बमूरिया तक के हिस्से में ही 57 हैंडपम्प दफन हो गए थे। इससे पीएचई विभाग मुंगावली के तत्कालीन एसडीओ ने मप्र सड़क विकास प्राधिकरण को निर्माण के दफन हुए इन हैंडपंपों की सूची भेजी थी और मप्र सड़क विकास प्राधिकरण से 76 लाख रुपए की राशि की मांग की थी, ताकि फिर से सड़क किनारे हैंडपम्प लगाए जा सकें। लेकिन 13 साल बाद भी विभाग को यह राशि नहीं मिली, इससे सड़क किनारे फिर से हैंडपम्प नहीं लगाए जा सके।

### सड़क किनारे पानी के लिए भटकते हैं राहगीर

इस सड़क का दैनिक उपयोग करने वाले राहगीरों का कहना है कि जो हैंडपम्प सड़क से कुछ दूरी पर थे, सिर्फ वही हैंडपम्प बचे हैं और उनमें से ज्यादातर हैंडपम्प गर्मी के मौसम में हांफने लगते हैं और कई तो सूखकर बंद पड़े हुए हैं। नतीजतन राहगीरों को लंबे समय तक मशक्कत करना पड़ती है और तब कहीं उनमें से पानी निकलता है। इससे कई बार तो लोग थक हारकर चले जाते हैं और प्यास बुझाने के लिए पानी भी नहीं मिल पाता है। इससे स्थिति यह हो गई है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क किनारे स्थित दुकानों पर दुकानदार पानी के पाउच और बोतलें रखने लगे हैं और इन दुकानों से बड़ी मात्रा में पानी बिकता है।

**समस्या रखेंगे**

हैंडपंप विस्थापन के लिए कल टी एल बैठक में कलेक्टर महोदय के समक्ष इस समस्या को रखेंगे। एनएच वालों से बात करके शीघ्र ही हैंडपंप लगवाने अथवा राशि जमा कराने के लिए कहा जाएगा।

**अमर दहिया,**
कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अशोकनगर

### विश्व ध्यान दिवस पर...

## श्रीमद्भगवद्गीता अनुसार सामूहिक ध्यान कर किया स्वाध्याय



**अशोकनगर।** मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा श्री युगल सरकार मन्दिर सत्संग हॉल में रविवार को विश्व ध्यान दिवस पर अध्याय 7 ज्ञानविज्ञानयोग का स्वाध्याय किया गया। गीताव्रती रामबली ने व्याख्या करते हुए बताया कि अध्याय 7 श्लोक 3 में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं। हजारों मनुष्यों में कोई एक मेरी प्राप्ति के लिये यत्न करता है और उन यत्न करने वाले योगियों में भी कोई एक मेरे परायण होकर मुझको तत्त्व से अर्थात यथार्थरूप से जानता है। श्रीमद्भगवद्गीता अनुसार ध्यानविधि भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को बताते हैं कि शुद्ध भूमि में, जिसके ऊपर क्रमशः कुशा, मृगछाला और वस्त्र बिछे हैं, जो न बहुत ऊँचा है और न बहुत नीचा, ऐसे अपने आसनको स्थिर स्थापन करके उस आसनपर बैठकर चित्त और इन्द्रियों की क्रियाओं को वश में रखते हुए मन को एकाग्र करके अन्तःकरण की शुद्धि के लिये योग का अभ्यास करे। वश में किये हुए मनवाला योगी इस प्रकार आत्मा को निरन्तर मुझ परमेश्वर के स्वरूप में लगाता हुआ मुझमें रहने वाली परमानन्द की पराकाष्ठारूप शान्ति को प्राप्त होता है । योग के अभ्यास से निरुद्ध चित्त जिस अवस्था में उपराम हो जाता है और जिस अवस्थामें परमात्मा के ध्यान से शुद्ध हुई सूक्ष्म बुद्धि द्वारा परमात्मा को साक्षात करता हुआ सच्चिदानन्दघन परमात्मा में ही सन्तुष्ट रहता है। इस अवसर पर राजेंद्रसिंह चमराई, लाखनसिंह सहोदरी, नेपालसिंह, जसमनसिंह, विनोदकुमार सिहारे, लाखनसिंह चैपरा श्रीनंदनसिंह, सीताराम यादव, नन्हेराजा, हरिओम चैबे, बृजेंद्रसिंह, देवेन्द्र शर्मा ,सुनील शर्मा उपस्थित रहे।

## अशोकनगर जिले में कई थाना प्रभारी बदले गए, कई को नए प्रभार मिले

**अशोकनगर।** पुलिस कप्तान बनने के बाद राजीव कुमार मिश्रा द्वारा हाल ही में अशोकनगर जिले के कई थाना प्रभारी में बदलाव किया गया है। जो थाना प्रभारी एक ही स्थान पर वर्षों से जमे थे उन्हें उक्त थाने से अन्य थाने में स्थानांतरित किया गया है।

जारी आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा ओमप्रकाश मिश्रा निरीक्षक महिला थाना को पेपर का नया थाना प्रभारी बनाया गया है इसी प्रकार पिपरई के टी प्रशांत यादव को चंदेरी का नया थाना प्रभारी बनाया गया कार्य बाद निरीक्षकों में मनीष जादौन चंदेरी को करवाया का थाना प्रभारी बनाया गया है और कार्यवाहक निरीक्षकों में नवल सिंह चैधरी को करवाया से पुलिस लाइन भेजा गया है जिले में उपनिरीक्षकों के पदों पर भी कई बदलाव किए गए जिसमें मुंगावली के उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह यादव को मुंगावली से चंदेरी भेजा गया है यहां वह थाना प्रभारी का काम देख रहे थे बहादुरपुर के थाना प्रभारी और अरविंद सिंह कछुवाहा को बहादुरपुर से मुंगावली भेजा गया है इसी प्रकार नीलम सिंह यादव को चंदेरी थाने से बहादुरपुर थाने की कमान सौंपी गई है। नई सराय के थाना प्रभारी पुनीत दिक्षित को साडोरा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।इसी प्रकार कोतवाली में उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ मनीष गुर्जर को नई सराय का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।





**थाना प्रभारी प्रशांत यादव को भावभीनी विदाई दी गई:** थाना प्रभारी प्रशांत यादव को आज भावभीनी विदाई दी गई। उनका स्थानांतरण पिपरई से चंदेरी थाना हो गया है। पिपरई में अपने लगभग 6 माह के कार्यकाल के दौरान थाना प्रभारी प्रशांत यादव ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा जनसुनवाई के माध्यम से आम जनता की समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभाई। विदाई समारोह के अवसर पर स्थानीय नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पत्रकार बंधुओं द्वारा थाना प्रभारी प्रशांत यादव को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके सरल व्यवहार, निष्पक्ष कार्यशैली और पुलिस-जन सहयोग की भावना की सराहना की।

**नईसराय थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर ने पदभार संभाला :** नईसराय थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित का स्थानांतरण शाडोरा थाना हो जाने पर नवागत थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर को थाने का पदभार ग्रहण किया पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र की कानून व्यवस्था स्वस्थ दुरुस्त रखना उनकी प्राथमिकता में शामिल है थाना प्रभारी ने बताया कि हाल ही में सामने आई चोरी के मामलों का भी जल्द खुलासा करने का प्रयास करेंगे इस दौरान नईसराय थाना प्रभारी रहे पुनीत दिक्षित को भी पुलिस स्टाफ और अन्य लोगों ने विदाई दी।

## पिपरई थाना परिसर में सामूहिक ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**पिपरई।** नगर के थाना परिसर में रविवार को सामूहिक ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं पुलिस स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा। सामूहिक ध्यान योग के दौरान थाना प्रभारी प्रशांत यादव एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने योग और ध्यान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ध्यान योग भारत की प्राचीन परंपरा एवं विद्या का महत्वपूर्ण अंग है, जिसका उल्लेख महर्षि पतंजलि द्वारा विरचित योगसूत्र में किया गया है। योगसूत्र में वर्णित अष्टांग योग के आठ अंगकृयम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधिकृमानव जीवन को संतुलित और अनुशासित बनाने में सहायक हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि भारत में प्राचीन काल से ही गुरुकुल परंपरा में ध्यान की प्रक्रिया अपनाई जाती रही है और ध्यान को भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन माना जाता है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने की मंडल प्रभारी की घोषणा

**अशोकनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा रविवार को जिले के सभी 17 मंडलों में प्रभारी की घोषणा की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि अशोक नगर मंडल प्रभारी जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी को बनाया गया है। इसी तरह पछार मंडल में जिला मंत्री सलिल त्रिपाठी, अशोकनगर ग्रामीण में मनोज शर्मा शाढ़ौरा में शीला जाटव सोनेरा में सुधीर रघुवंशी राजपुर में दयाशंकर कुशवाहा नईसराय में लखन सिंह रघुवंशी ढाकोनी में केशव राव जोशी ईसागढ़ में वीरेंद्र सिंह यादव चंदेरी नगर में दीपक शर्मा चंदेरी ग्रामीण में पूरन सोनी थूवौन में रविंद्र लोधी सेहराई में दीपक पालीवाल पिपरई में नरेश ग्वाल अथाई खेड़ा में चंद्रभान सिंह दांगी मुंगावली में जगन्नाथ सिंह यादव बहादुरपुर में मनीष मोदी को मंडल प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को दोपहर 12: 00 बजे से स्थानीय अग्रवाल पैलेस में आयोजित किया गया है।

### अशोकनगर में लोग दुखी हो रहे थे वहीं शाढ़ौरा में जनता नाच रही, खुशी मना रही है: मुनिश्री

# भव्य विमान उत्साह के साथ निकाली गई भगवान की शोभायात्रा









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शाढ़ौरा में राष्ट्र संत पुगंव मुनि श्री सुधासागरजी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति ने दुनिया को एक मत नहीं होने दिया अन्यथा संसार की व्यवस्था या परामर्श की व्यवस्था डगमगा जायेगी पहले वे व्यक्ति होते है। जो कर्म का जैसा उदय हो वैसे ही ढलतेच ले जाते हैं। वहुत सारे जीव ऐसे हैं जो हंसना तो चाहते हैं पर हंस नहीं सकते कुछ लोग ऐसे भी हैं जो सदा हंसते रहते हैं रो नहीं सकते। चाहकर भी वह रो नहीं सकते लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो जव चाहे रो सकते हैं हंस सकते हैं।

मुनिश्री ने कहा कि वहीं कुछ जीव इन दसाओ से ऊपर उठकर स्थिर प्रग्य हो जाते हैं जगत बढ़ा विचित्र है यहां कुछ लोग पाप में लिप्त रहते हैं वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो इस संसार में रहकर भी हंसने रोने से ऊपर उठ गये अशोकनगर से चले तो जनता रो रही है। इधर शाढ़ौरा में लोग खुशियां मना रहे हैं। भगवान को केवल ज्ञान की प्राप्ति होने पर चारों तरफ खुशियां मनाई जा रही थी भरत चक्रवर्ती को दुखी देखकर सौधर्म इन्द्र भरतचक्रवर्ती से कहते हैं कि चक्री सारा जगत खुशियां मना रहा है तुम दुखी हो रहे।

### नई रिश्तेदारी का नाम है विमान महोत्सव जितने आ जायें

उन्होंने कहा कि धर्म में कर्म तो सब डूड लेता है वहीं ज्ञानी व्यक्ति कर्म में धर्म डूडता है समीचीन दृष्टि रखने वाला कपड़े पहने समय अन्य खरीदते समय यहां तक कि जूते खरीते समय भी धर्म कर सकते चमड़े का जूता नहीं पहनूंगा। जूते खरीते समय उसने सोच लिया कि हिंसा से निर्मित चमड़े की वस्तु का उपयोग नहीं करुंगा। उच्च कुल के लोग रिस्तेदारी में धर्म ढूंढ रहा है समीचीन दृष्टि वाला मकान लेते समय भी धर्म ढूंढ रहा है। ऐसे स्थान पर मकान बनाऊंगा जहां धर्मात्मा रहते हैं वहीं मैं अपना निवास स्थान बनाऊंगा। कर्म और धर्म की समिष्टी से इस तरह के वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है इस दौरान भगवान की जय माला लेने का सौभाग्य ईसागढ़ जैन समाज के मंत्री राजेश जैन को मिला वहीं दूसरी जय माला को लेने का सौभाग्य अनिल कुमार टर्का परिवार को मिला वहीं दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी की जयमाला का सौभाग्य निर्मल कुमार सुदीप कुमार सेठी सहित अन्य भक्तों को मिला।

### चित्र अनावरण दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ शुभारंभ

इसके पहले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन शाढ़ौरा जैन समाज अध्यक्ष डा भरत जैन महामंत्री कोषाध्यक्ष राकेश जैन अशोकनगर जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा शैलेन्द्र श्रागर ईसागढ़ के मंत्री राजेश जैन सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में पहली बार भगवान जिनेन्द्र देव के भव्य विमान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष डॉ भरत जैन ने कहा कि आज हम सब परम पूज्य के सान्निध्य नवीन जिनालय की वेदी पर तीन लोक के नाथ को दिव्य बेदी पर विराजमान कर रहे हैं। इस दौरान जैन समाज अशोक नगर के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने वार्षिक कलशाभिषेक की गोलियां का निर्धारण किया सौधर्म इन्द्र डॉ भरत इंसान इन्द्र अनिल बाझल सनत इन्द्र राकेश जैन महेन्द्र इन्द्र निर्मल कुमार जैन को मिला इसके बाद जगत कल्याण की कामना से महा शान्ति मुख से हो रही है।

दो घंटे चले धरना प्रदर्शन उपरांत नारेबाजी करते हुए निकाली रैली, पहुंचे कलेक्टोरेट

# ई-अटेंडेंस के विरोध में मुख्यालय पर जुटे सैंकड़ों शिक्षक, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राज्य शिक्षक संघ से जुड़े जिले के सैंकड़ों शिक्षकों ने इस बार अपनी मांगों के संबंध में अलग रुख अख्तियार किया। स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित न हो इसको देखते हुए संघ से जुड़े जिले के सैकड़ों शिक्षक रविवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए और अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में धरना दिया। करीब 2 घंटे तक चले धरना, प्रदर्शन एवं सभा के उपरान्त सभी शिक्षकगण नारेबाजी करते हुए एक अनुशासित रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश दांगी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में शिक्षा विभाग में अनिवार्य की गई ई-अटैंडेंस प्रणाली को पूर्णतः खत्म किए जाने की मांग रखी गई।

### शिक्षक समुदाय की निजी जानकारी हो रही लीक

संघ पदाधिकारियों व सदस्यों ने सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया कि ई-अटेंडेंस प्रणाली व्यवहारिक दृष्टि से कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर रही हैं। इससे शिक्षकों का निजी एवं विभागीय डेटा निजी संस्था, निजी एप के माध्यम से संकलित किया जा रहा है जिससे गोपनीयता खत्म हो रही है और भविष्य में शिक्षकों के साथ किसी भी तरह के फ्रॉड इत्यादि की पूरी संभावना है। इसके साथ ही ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जिले के अधिकांशविद्यालय दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं जहां नेटवर्क की समस्या आ रही है। इंटरनेट एवं नेटवर्क जैसी तकनीकी समस्याओं की वजह से जिन शिक्षकों की ऑनलाईन अटेंडेंस नहीं लग पाती उन्हें विभाग नोटिस थमाने, वेतन रोकने सहित अन्य दंडात्मक कार्यवाहियां कर रहा है।

### पूर्व में हुई कार्यवाहियों को निरस्त करने की मांग

ज्ञापन में मांग रखी गई कि ई-अटेंडेंस न लगने के चलते पूर्व में जिन शिक्षक साथियों पर विभिन्न तरह की कार्यवाहियां की गई हैं, उन आदेशों को तुरंत निरस्त किया जाए। साथ ही कर्मचारियों के रोके गए वेतन का भी अविलंब भुगतान किया जाए। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों में मुकेश विजयवर्गीय, राधेश्याम पुरवैया, नाहिद खान, जगदीश किरार, योगेंद्र मंडलोई, वंदन दासोरे, राजेश शर्मा, रामकरण मालवीय, ईश्वर सिंह चौहान, रामकृष्ण वर्मा आदि उपस्थित थे।

तत्कालीन कलेक्टर के प्रयासों से हुआ था यह नवाचार

# देखरेख के अभाव में उजड़ी डाइट परिसर स्थित नक्षत्र वाटिका




**राजगढ़।** स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) परिसर में कुछ वर्षों पूर्व ग्रह एवं नक्षत्रों की परिकल्पना के आधार पर नक्षत्र वाटिका डेवलप की गई थी। तत्कालीन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के प्रयासों के बाद डाईट से ही जुड़े कर्मचारियों ने नक्षत्र वाटिका को सुंदर एवं आकर्षक रूप देने यहां ग्रहों के आधार पर विभिन्न किस्मों के पौधे रौपे थे। लेकिन, ये पौधे पल्लवित होकर पेड़ बन पाते उसके पहले ही उचित देखरेख के अभाव में यह वाटिका पूरी तरह उजड़ चुकी है। कोई भी पौधा वृक्ष नहीं बन पाया है। इन पौधों में पानी देनेएक विशेष तकनीक भी वाटिका के लिए विकसित करवाई गई थी। लेकिन, उस तकनीक का इस्तेमाल नहीं किए जाने एवं डाईट सहित अन्य जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते वाटिका अब महज शोपीस बनकर

### ग्रहों, नक्षत्रों के आधार पर रौपे गए थे पौधे

इस नक्षत्र वाटिका में ग्रहों के नाम और उनसे संबंध रखने विभिन्न किस्मों के अनेकों पौधे जैसे नागकेशर, भोजपुत्र, आंवला, गुडहल, जामुन आदि रौपे गए थे। लेकिन, एक भी पौधा पनप नहीं पाया और वर्तमान स्थिति में यह वाटिका पूरी तरह उजाड़ नजर आ रही है। अगर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी प्रयास करें तो इस वाटिका को पुनः जीवंत रूप प्रदान करते हुए एक आकर्षक रूप दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस वाटिका के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की काफी सराहना की थी।

## एक दिवसीय भगवत कथा में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

**ब्यावरा।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिन्दू सम्मेलन व एक दिवसीय भागवत कथा ग्राम करेड़ी में मंडी परिसर में सम्पन्न हुई भागवत कथा वाचक गुरुदेव प्रेम नारायण गेहूं खेड़ी ने बताया की मनुष्य को अपने जीवन का यहां नियम बना लेना चाहिए की भगवान की भक्ति के साथ संसार की सेवा हो जाए वहीं कथा में कहा गया कि



एक माला सरहद पर बेटे हमारे देश के सैनिक उन के लिए भी जापनी चाहिए जिससे उन को शक्ति प्रधान हो ओर ओ सीमा पर रहकर हमारे देश की रक्षा करे कथा में गुरुदेव ने बताया कि भक्त मीरा बाई ने कितनी कठिनाई में भी ईश्वर की भक्ति की ओर कृष्ण को पा लिया था एक दिवसीय कथा में दूर दराज राजस्थान सहित आसपास के ग्रामीण श्रद्धालु हजरों की संख्या में धर्म लाभ लेने पहुंचे। वहीं कथा के बाद महा आरती उतारी गई और महाप्रशादी वितरण की गई।

### राज्य कर्मचारी संगठन की बैठक आयोजित

**ब्यावरा-खुजनेर।** बैठक का उद्देश्य संगठन को तहसील स्तर पर सशक्त बनाना, कर्मचारियों की एकजुटता को मजबूत करना तथा उनकी सेवा-सम्बंधी समस्याओं के समाधान हेतु ठोस रणनीति तैयार करना रहा। बैठक में केवल खुजनेर तहसील की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गयइं तहसील कार्यकारिणी का गठन जिला पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर नगेन्द्र सिंह गुर्जर (जिला अध्यक्ष), यशवंत यादव (जिला सचिव), प्रमोद सक्सेना (जिला कोषाध्यक्ष) एवं फूल सिंह वर्मा (जिला संगठन मंत्री) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के दायित्वों एवं लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि राज्य कर्मचारी संगठन कर्मचारियों के सेवा-सम्बंधी लंबित प्रकरणों, वेतन विसंगतियों, पदोन्नति, स्थानांतरण नीति, एवं कार्यालयीन समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर संघर्ष करेगा। तहसील स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

विश्व ध्यान दिवस पर प्रजापिता संस्था ने आयोजित किया कार्यक्रम

## शांति और एकाग्रता के लिए अत्यावश्यक है ध्यान : मधु दीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के तत्वावधान में रविवार को वैश्विक एकता और विश्वास के लिए योग थीम के अंतर्गत विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया गया जिसके जरिए राजयोग ध्यान से जीवन को शांतमय एवं सुखी बनाने के लिए तथा वैश्विक एकता और विश्वास हेतु महत्व को स्पष्ट किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने मेडिटेशन का महत्व बताते हुए कहा कि वर्तमान समय मनुष्य शारीरिक स्वस्थ एवं तंदुरुस्ती हेतु प्राणायाम और व्यायाम तो कर रहा है, किंतु आज तनाव, स्ट्रेस एवं डिप्रेशन जैसी बीमारियों भी बढ़ती जा रही है। ऐसी परिस्थितियों में ध्यान न केवल मानसिक शांति और स्थिरता देता है अपितु आंतरिक शक्तियों को भी जागृत कर हमें हर प्रकार की परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ध्यान खुद को खुद से जोड़ने का साधन है जो सहनशक्ति और करुणा भाव को जागृत करता है। पीएचई विभाग के एसडीओ संजय अग्रवाल ने कहा की भागदौड़ की जिन्दगी में राजयोग मेडिटेशन एक वरदान की तरह है जो कि हमें तनाव और चिन्ता से मुक्त कर खुशहाल जीवन जीने में मदद करता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने ध्यान की महत्ता पर बल दिया तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान में नियमित सिखाए जा रहे राजयोग मेडिटेशन को जीवनशैली में अपनाने के प्रयासों की प्रशंसा की। इस मौके पर जिला सांख्यिकी अधिकारी पीएल रामरिया, रिटायर्ड शिक्षक इरशाद अली सहित अन्य उपस्थित थे।

# सारंगपुर के तारागंज बडली क्षेत्र में झुग्गियों का डेरा, स्थानीय लोगों में भय का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर के तारागंज बडली क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से अनजान लोगों द्वारा झुग्गियां लगाकर अस्थायी डेरा डालने का मामला सामने आया है। खुले मैदान में तिरपालए बोरे और कपड़ों से बनाई गई इन झुग्गियों में बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। क्षेत्र में इस तरह अचानक डेरा डाले जाने से आसपास के रहवासियों में असुरक्षा और भय का माहौल बन गया है। लोगों का कहना है कि यहां रहने वाले अधिकांश लोग बाहरी प्रतीत हो रहे हैंए जिनकी पहचान और उद्देश्य को लेकर किसी प्रकार की आधिकारिक जानकारी नहीं है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार रात के समय आवाजाही बढ़ जाती हैए जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। खुले में खाना बनानाए अस्थायी चूल्हे और बिखरा कचरा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म दे रहा है। बिजली के खंभों और खुले तारों के पास झुग्गियां होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि झुग्गियों में रह रहे लोगों की पहचान की जाएए सत्यापन किया जाए और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। साथ ही साफ-सफाई, पेयजल और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता बताई जा रही है। नागरिकों का सुझाव है कि यदि ये लोग मजदूरी या किसी कार्य के लिए आए हैंए तो इनके लिए निर्धारित स्थान पर अस्थायी व्यवस्था की जाएए जिससे शहर की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनी रहे।

### इनका कहना है...

पूर्व में हमने सत्यापन किया था। अब दोबारा सत्यापन किया जाएगा। अगर कोई अवैध गतिविधि दिखती है तो कार्यवाही की जाएगी।

आकांक्षा हाड़ा, थाना प्रभारी सारंगपुर

## शीतकालीन सेवा अभियान के तहत खुशियों का ओटला ने जरूरतमंदों को बांटी शॉल




**ब्यावरा।** कड़ाके की ठंड के बीच जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था 'खुशियों का ओटला' द्वारा ब्यावरा शहर में शीतकालीन सेवा अभियान के अंतर्गत मानवीय सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। संस्था की ओर से इस अभियान के तहत जरूरतमंद लोगों को शॉल वितरित कर ठंड से राहत पहुँचाई गई। इस सेवा कार्यक्रम में संस्था द्वारा जन सहयोग से प्राप्त 200 शॉल जरूरतमंदों को वितरित की गईं, वहीं 90 बच्चों को गर्म कपड़े भी प्रदान किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें सुरक्षित व आराम मिल सके। संस्था द्वारा चलाए जा रहे 'शीतकालीन सेवा अभियान' के अंतर्गत इस वर्ष 1000 शॉल वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

संस्था के अनुसार अब तक 560 शॉल जरूरतमंदों तक पहुँचाई जा चुकी हैं, जबकि शेष शॉल का वितरण आने वाले दिनों में शहर एवं आसपास के जरूरतमंद क्षेत्रों में किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि यह अभियान गरीब वा जरूरतमंद उन लोगों तक सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जो सर्दी के मौसम में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सामाजिकजनों के सहयोग से यह सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है वही सस्था के जीरापुर के स्टॉल पर भी निरंतर सेवा कार्य किया जा रहा है।

भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई

## विकास-सेवा और सुशासन के 2 वर्ष बेमिसाल




**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को सारंगपुर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की और संगठनात्मक गतिविधियों पर सार्थक संवाद किया गया।कार्यशाला के दौरान लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रेरणादायी संबोधन का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। उनके विचारों ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जाए उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। वक्ताओं ने सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को विकासए सेवा और सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरपूर बताया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी द्वारा एसआईआर यस्पेशल इंटेंसिव रिवीजनद्ध कार्य में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। उन्होंने मतदाता जागरूकता एवं संगठन विस्तार के लिए निरंतर सक्रिय रहने का संदेश देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत ही लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, एसआईआर जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह सिकरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं समर्पित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

राज्यमंत्री टेटवाल ने किया मार्गदर्शन

## बालिका छात्रावास में वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित



**सारंगपुर।** वर्तमान समय में सोशल मीडिया ऐसा माध्यम हैए जो हमें सकारात्मक दिशा देने के साथ साथ नकारात्मक दिशा की ओर भी मोड़ सकता है। इसलिए सोशल मीडिया का उपयोग सोच समझकर और सकारात्मक उद्देश्य से करना चाहिए। हमारी बहनें आज हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रही हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में भी हमने बहनों की ताकत देखी है। देश की रक्षा से लेकर बड़े बड़े पदों तक आज बहनें कार्य कर रही हैं। आप सभी को भी आगे बढ़कर देश का नेतृत्व करना है। उक्त विचार राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने बालिका छात्रावास द्वारा आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्रावास अधीक्षक रजनी व्यास ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। इस अवसर पर छात्रावास की छात्राओं द्वारा गणपति वंदनाए स्वागत गीतए स्वागत नृत्यए नाटक एवं स्वरचित गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कक्षा 11वीं की छात्राओं ने कक्षा 12वीं की छात्राओं को उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कक्षा 12 उत्तीर्ण करने के बाद भी शिक्षा की यात्रा निरंतर जारी रहनी चाहिए और सभी को अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहना चाहिए।

एक साल पहले ही भरभरा कर गिरा था नदी केचमेंट ऐरिया में बन रहा मकान, हुई थी 1 मौत

रसूक के चलते नियमों को ताख पर रख हो रहा मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण

# फिर बन गई डूबग्रस्त क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत

पूर्व में भी हो चुकी है डूब क्षेत्र में बिल्डिंग गिरने की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगरपालिका का वार्ड नंबर 3 एवं ग्राम पंचायत जामुनिया घाटा के गांव नयापुरा जैसे डूब क्षेत्र में नियमों को ताख पर रखकर मकानों व बहुमंजिला इमारतों का निर्माण लगातार होता जा रहा है। जहां पर यह बहुमंजिला इमारत बन रही है वहां से अजनार नदी की दूरी मात्र 15 से 20 मीटर ही होगी। ऐसी स्थिती में ग्राम पंचायत ने डूब क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत बनाने की अनुमति कैसे दे दी जबकि बारिश के समय यह रास्ता हर साल बंद होता है और बाढ़ के पानी का भराव बन रही बिल्डिंग एरीया तक भी होता है। उल्लेखनीय है कि 2024 में भी इसी पंचायत के नयापुरा गांव के डूब क्षेत्र में ही बन रही एक बहुमंजिला इमारत धराशाही हो गई थी जिसमें दबने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। फिर ऐसा क्या लालच है की सरपंच मौत के महलों को बनाने की अनुमति दे रहे हैं। जबकि हर साल बारिश में जो रास्ता बंद हो जाता है और बाढ़ का पानी भी उस जमीन तक पहुंच जाता है जहां वह निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में होने वाली दुर्घटना का जिम्मेदार कौन होगा ?



अजनार नदी के किनारे शिवधाम कॉलोनी के पास नयापुरा गांव के डूब क्षेत्र में 2024 में राजू सौंधिया की बहुमंजिला इमारत गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। इसके बाद भी जामुनिया घाटा पंचायत ग्रामीण क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत का निर्माण लगातार जारी है। जबकी यही क्षेत्र नगरपालिका ब्यावरा के वार्ड नंबर 3 में आता है परंतु इमारत के ऑनर ने कोई अनुमति नगरपालिका से नहीं ली। ऐसे में समझा जा सकता है कि ग्राम पंचायत से सांठ-गांठ कर यह अवैध निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को इस अवैध निर्माण की जांच कर सख्त कार्रवाई करना चाहिए जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटना पर लगाम लगाई जा सके।

### नदी से मात्र 15-20 मीटर की दूरी पर बन रही यह इमारत

बैसे तो अजनार नदी के डूब क्षेत्र में आने वाली जगहों पर कई मकान बने हुए है जिन पर राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है। इसी तर्ज पर अब राजनैतिक रसूक रखने वालों ने बहुमंजिला इमारत बनाकर प्रशासन को जैसे एक ओर तमाचा मारा है। हैरत की बात यह है कि रजिस्ट्रार के पास भी यह क्षेत्र डूबग्रस्त है फिर भी रजिस्ट्री हो रही है और निर्माण भी। न कोई देखने वाला है और न ही कोई रोकने वाला। यदि अजनार नदी से इमारत के पिछले हिस्से की दूरी नापी जाए तो 15-20 मीटर की दूरी पर यह निर्माण हो रहा है जो कि नियम विरूद्ध है।

### इनका कहना है...

ब्यावरा के पूर्व एसडीएम की गाइड लाइन के हिसाब से नदी से 30 मीटर की दूरी को डूब क्षेत्र का दायरा माना गया था। अब देखना है कि यह इमारत कितनी दूरी पर बन रही है।

सुरेश दांगी, पटवारी जामुनिया घाटा

बिल्डिंग बनाने की अनुमति हमारी पंचायत ने दी है।

हिम्मत सौंधिया सरपंच जामुनिया घाटा

नगरपालिका से किसी भी तरह के भवन निर्माण की अनुमति नहीं दी गई है। मैं इसको दिखवाता हूं।

इकरार अहमद सीएमओ ब्यावरा

**कार्यालय नगर परिषद खुजनेर**
**जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**
दूरभाष 07372-257228 (कार्या.)
दूरभाष 07372-257146
Email-cmonpkhuj@gmail.com

क्रमांक /1165/2025 — खुजनेर दिनांक 19/12/2025

**दावा आपत्ती प्राप्त करने हेतू आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र खुजनेर में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक म.प्र. शासन नगरीय प्रसाशन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार भूमि हीन व्यक्ति को पट्टा धृति अधिकारो का प्रदान किया जाना अधिनियम 1984 के अंतर्गत सर्वे दल द्वारा सुची तैयार की गयी है जिसके की आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र/अपात्र हितग्राहियों कि सूचि अनुमोदन हेतू वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किये जाना है। हितग्राहियों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 03/01/2026 कों समय 5 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है। तथा समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर परिषद खुजनेर एवं तहसील कार्यालय टप्पा खुजनेर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद खुजनेर**
**जिला राजगढ़ व्यावरा म.प्र.**